# सांसद ने दो टूक कहा भ्रामक और तथ्यहीन जानकारी देने पर होगी विभागीय कार्यवाही

## पीएम सूर्य घर योजना से हर पंचायत में सोलर सिस्टम लगाएं : जनार्दन, नल जल का कार्य धीमा होने पर सांसद ने जताई नाराजगी, विधायकों ने दिए अहम सुझाव

नवभारत न्यूज

**रीवा, 22 सितम्बर, उकलेक्ट्रेट में जिला समन्वय एवं विकास समिति दिशा की बैठक आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता करते हुए सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि सभी अधिकारी बैठक में तथ्यपूर्ण जानकारी दें. गत बैठक की तुलना में शासन की योजनाओं में प्रगति का विवरण बैठक में प्रस्तुत करें.**



अधिकारी यदि भ्रामक और तथ्यहीन जानकारी देने की कोशिश करेंगे तो उनके विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी. गरीबों का उत्थान और जनकल्याण सरकार और प्रशासन की साझी जिम्मेदारी है. सभी अधिकारी इसका ठीक से निर्वहन करें. समूह नलजल योजनाओं की प्रगति बहुत धीमी है. जल जीवन मिशन तथा पीएचई विभाग के अधिकारी दिसम्बर माह तक पानी की टंकियों का निर्माण कराकर पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करें. एकल नलजल योजनाओं में भी पानी की आपूर्ति का सर्वे कराकर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें. समूह नलजल योजनाओं से पुरानी नलजल योजना की टंकियों को भी पानी दिया जाएगा. इसके लिए समन्वित प्रयास करें. संचालित नलजल योजनाओं का सत्यापन कराकर संबंधित विधायकगणों तथा जनपद अध्यक्षों को सूची प्रस्तुत करें. सांसद ने कहा कि अक्षय ऊर्जा के लिए प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना अत्यंत लाभकारी है. इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करें. बैठक में विधायक सिरमौर दिव्यराज सिंह ने पंचायतों को हस्तांतरित नलजल योजनाओं के सुचारू संचालन, समूह नलजल योजना से जुड़े निर्माण कार्यों तथा फीडर सेपरेशन के संबंध में सुझाव दिए. विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति तथा जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल ने प्रधानमंत्री आवास योजना, बिजली की आपूर्ति एवं पेयजल की आपूर्ति में कठिनाई से जुड़े मुद्दे उठाए. बैठक में राजेश पाण्डेय ने समूह नलजल योजना, फीडर सेपरेशन एवं वृक्षारोपण के संबंध में सुझाव दिए. बैठक में जिला पंचायत सीईओ एवं नगर निगम आयुक्त मौजूद रहे.

### 130 फीडरों पर सेपरेशन का कार्य पूरा

बैठक में सांसद ने कहा कि बिजली विभाग की आरडीएसएस योजना से रीवा और मऊगंज जिले में 271 फीडरों में स्वीकृत फीडर सेपरेशन का कार्य केवल 103 फीडरों में पूरा हुआ है. शेष 157 फीडरों में दिसम्बर माह तक फीडर सेपरेशन का कार्य पूरा कराएं. प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में फेज 4 में नए गांवों और छूटे हुए मजरे टोलों के नाम सर्वे सूची में शामिल करें. इस संबंध में विधायकों द्वारा प्रस्तावित बसाहटों का सत्यापन कराकर डीपीआर मंट गांव के नाम शामिल करें. जिले में 50 हजार मुनगे के पौधे रोपे जाएंगे. बैठक में सांसद ने उच्च शिक्षा विभाग की रूसा योजना से शहर के तीन महाविद्यालयों में आवंटित राशि से किए गए कार्यों की समीक्षा की.




# परिवहन नियमों का पालन न करने पर 21 वाहनों का चालान

नवभारत न्यूज

**रीवा, 22 सितम्बर, रीवा परिवहन विभाग ने वाहन सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक नया कदम उठाया है. राज्य के परिवहन आयुक्त के विशेष निर्देशानुसार सभी व्यावसायिक वाहनों में अनिवार्य रूप से लगाए जाने वाले अग्निशमन यंत्र और फर्स्ट एड बॉक्स पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप की जांच कर चालानी कार्रवाई तत्काल प्रभाव से शुरू कर दी गई है.**

मोटर वाहन नियम के तहत रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप का उपयोग वाहनों की सुरक्षा के लिए अनिवार्य है. अग्निशमन यंत्र और फर्स्ट एड बॉक्स पर भी ऐसी ही रिफ्लेक्टिव टेप लगाने का निर्देश जारी किया गया है, ताकि रात के समय या खराब मौसम में ये उपकरण आसानी से दिखाई दें. विभाग ने स्पष्ट किया है कि पीयूसी और व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस के साथ यह नई आवश्यकता पूरी की जानी चाहिए. सभी व्यावसायिक वाहन मालिकों को जल्द ही अपने वाहनों द्वद्व यह अनुपालन सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया है. गैर-अनुपालन पर 500 से 1000 रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा.

विभाग की टीमें अब सड़कों पर विशेष चेकिंग अभियान चला रही हैं, जिसमें आज 167 वाहनों का निरीक्षण किया जाकर 21 वाहनो पर चालानीं कार्यवाही कर 23500 रूपये का शमन शुल्क अधिरोपित किया गया. परिवहन विभाग ने कहा, वाहन सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है. रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप न केवल वाहन को सुरक्षित बनाती है, बल्कि आपात स्थिति में जान बचाने वाले उपकरणों को भी तुरंत उपलब्ध कराती है. हम सभी वाहन मालिकों से अपील करते हैं कि वे तुरंत इसकी पालना करें. परिवहन विभाग की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी.

## संक्षिप्त

### संभागीय टीएल बैठक आज

**रीवा,** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद 23 सितम्बर को सुबह 11 बजे से कमिश्नर कार्यालय में टीएल पत्रों की समीक्षा करेंगे. बैठक में सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण, ई आफिस, संभागीय समीक्षा बैठक के निर्देशों में की गई कार्यवाही तथा कृषि आदान एवं धान उपार्जन की तैयारियों की समीक्षा की जाएगी. सभी संबंधित अधिकारियों से उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है.

### कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक आज

**रीवा,** उकलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में 23 सितंबर को विभिन्न बैठकों का आयोजन किया गया है. कलेक्ट्रेट में सुबह 11 बजे से स्वस्थ नारी सशक्त समाज कार्यक्रम के तहत जिले में अब तक हुई कार्य की प्रगति की समीक्षा की जायेगी. इसी क्रम में शाम 4 बजे से कलेक्टर द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली एवं खाद वितरण व उपार्जन से संबंधित कार्यों की समीक्षा की जायेगी. बैठकों में संबंधित विभागीय अधिकारियों को उपस्थित के निर्देश दिये गये हैं.

### मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक आज

**रीवा,** उकलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में मान्यता राजनैतिक दलों की बैठक 23 सितंबर को 3 बजे से कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित की गयी है. बैठक में आगामी निर्वाचक नामावली के गहन/संक्षिप्त पुनर्निरीक्षण के संबंध में की जाने वाली कार्यवाहियों पर चर्चा की जायेगी.

### जिला स्तरीय मॉनीटरिंग समिति की बैठक कल

**रीवा,** उअनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत गठित जिला स्तरीय सतर्कता और मॉनीटरिंग समिति की बैठक 24 अक्टूबर को आयोजित की जा रही है. बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल करेंगी. बैठक कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में सुबह 11 बजे से आरंभ होगी. जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग कमलेश्वर सिंह ने समिति के सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है.

### कार्यशाला का आयोजन 28 को

**रीवा,** उकिशोर न्याय अधिनियम 2015 एवं सायबर अपराध व सायबर सुरक्षा विषय पर के मोहन सभागार संचालक लोक अभियोजन के मुख्य आतिथ्य में एक दिवसीय संभागीय कार्यशाला कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में 28 सितंबर को सुबह 10 .30 बजे से आयोजित की गई है. सहायक निदेशक जिला अभियोजन संचालनालय ने संबंधितों से कार्यशाला में उपस्थिति की अपेक्षा की है.

### ग्राम गड़रा में लोक कल्याण शिविर 26 को

**मऊगंज,** लोक कल्याण शिविर 26 सितम्बर को ग्राम पंचायत रमनगरी के ग्राम गड़रा में आयोजित किया जाएगा. एसडीएम हनुमना रश्मि चतुर्वेदी ने लोक कल्याण शिविर से जुड़े संबंधित अधिकारियों को विभागान्तर्गत जनकल्याणकारी योजनाओं के स्टाल लगाकर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए हैं. एसडीएम ने निर्देश दिए हैं कि सभी संबंधित अधिकारी मैदानी अमले सहित निर्धारित तिथि को शिविर स्थल में उपस्थित होकर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं के हितलाभ से लाभान्वित करें.



### गरबा महोत्सव-2025 का आगाज 25 से

**रीवा,** शारदेय नवरात्रि पर्व पर गत कई वर्षों से शहर में गरबा नृत्य के माध्यम से मां भगवती की आराधना करने मंच सजाने वाली हिंदू उत्सव समिति धर्म परिवार द्वारा इस वर्ष सात दिवसीय गरबा महोत्सव का आयोजन 25 सितम्बर से 1 अक्टूबर तक शाम 6 बजे कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में धर्म परिवार के अध्यक्ष गुरमीत सिंह मंगू के मार्गदर्शन में किया जा रहा है जिसकी पूर्ण तैयारी हो गई है. उक्त जानकारी धर्म परिवार के आजीवन संरक्षक सुनील अग्रवाल, महासचिव सुरेश विश्नोई, नगर अध्यक्ष अनिल मिश्रा एडवोकेट, युवा अध्यक्ष राजीव वर्मा गुड्डू, सांस्कृतिक सचिव राजमणि तिवारी भोला नगर उपाध्यक्ष राकेश आसवानी रॉकी नगर उपाध्यक्ष मनीष साहू युवा शाखा नगर उपाध्यक्ष राजेश साहू ने दी. उन्होंने बताया कि इस वर्ष गरबा महोत्सव को विशेष यादगार बनाने गुजराती गरबा के साथ ही क्षेत्रीय भाषा परिधान में गरबा नृत्य की प्रस्तुति विंध्य की प्रमुख गरबा टीमों द्वारा दी जाएगी साथ ही बढ़ते हुए नशे की प्रवृति से समाज में पड़ रहे दुष्प्रभाव व महिला सशक्तिकरण का संदेश परक नाटिका, झांकी गरबा की प्रस्तुति भी लोगो को देखने को मिलेगी.

# सेवा पखवाड़ा में नशा मुक्ति और स्वच्छता का दिया गया संदेश

नवभारत न्यूज

**रीवा, 22 सितम्बर, नगर निगम द्वारा सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता और नशा मुक्ति की जागरूकता को लेकर लगातार विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है.**

''स्वच्छता ही सेवा अभियान'' (स्वच्छोत्सव) के जागरूकता हेतु शहर के विद्यालयों एवं वार्डों में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं. इसी क्रम में आयुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार शहर के कई विद्यालयों में स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन किया गया. गुरूकुल सीनियर सेकण्डरी स्कूल, पीके स्कूल एवं महर्षि दयानंद स्कूल में छात्र-छात्राओं से स्वच्छता संवाद करते हुये, नशा मुक्त अभियान की जानकारी दी गई. इस दौरान उपस्थित स्कूल के समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राओ को स्वच्छता के विषय में प्रेरित किया गया. इसके साथ ही स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ डिबेट, निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कर स्वच्छता से जुड़ी गतिविधियो का विस्तार से संदेश दिया गया तथा सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले नुकसान पर चर्चा की गई एवं इसके विकल्प के रूप में कपड़े एवं जूट से बने थैले के उपयोग की जानकारी दी गई. घरों से निकलने वाले कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में रखने एवं डोर टू डोर कचरा वाहन में देने के विषय में जानकारी दी गई.



# शारदेय नवरात्रि की प्रतिपदा पर 101 कन्याओं का हुआ पूजन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 22 सितम्बर, माँ भगवती की आराधना का पर्व शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिवस अवसर पर सिन्धु यूथ विंग द्वारा गुढ चौराहा रीवा स्थित सिन्धु भवन में 101 देवी रूपी कन्याओं के पूजन का कार्यक्रम एवं भण्डारा प्रसाद का आयोजन किया गया.**

कार्यक्रम का शुभारंभ श्री मातारानी एवं श्री झूलेलाल जी की प्रतिमा के समक्ष उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला, दादा प्रहलाद सिंह, व्यंकटेश पाण्डेय, सतना समाज, सीधी समाज डॉ0 अखिलेष पटेल, जुगल किशोर कनौडिया, संजीव मेहरोत्रा द्वारा पूजन अर्चन एवं दीप प्रज्जवलन कर हुई. तत्पश्चात 101 कन्याओं का 101 यजमानों द्वारा पैर धोकर, तिलक लगाकर सिर में ओढनी (चुनरी) पहनाकर विधि-विधान से मंत्रोचार के साथ पूजन कर उन्हे उपहार स्वरूप फल, मिष्ठान एवं फैन्सी पस्त्र प्रदान किये गये तथा कन्याओं को रूचिकर भोजन कराया गया. इस अवसर पर आमजनमानस के लिए भण्डार प्रसाद का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भण्डारा प्रसाद ग्रहण किया. कार्यक्रम में संतूलाल आहूजा, हुकूतराय होतवानी, रमेश सोनेता, प्रकाश तरानी, अनिल बुधवानी, कैलाश कोटवानी, महेश ठारवानी, कन्हैयालाल मंगलानी, नरेश काली, पप्पू मंजानी, पप्पू गंगवानी, जगन्नाथ साहू, विनोद गुप्ता, राजेन्द्र निगम मौजूद रहे.

# महापौर की मौजूदगी में सड़क और नाली का भूमि पूजन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 22 सितम्बर, नगर निगम वार्ड क्रमांक 15 में राजबहोर यादव के घर से रजनीश शुक्ला के घर होते हुए इन्फोंमेटिव स्कूल तक आर. सी. सी. नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन महापौरअजय मिश्रा बाबा की उपस्थिति में वार्ड के वरिष्ठ नागरिक पन्नालाल मिश्रा द्वारा नारियल तोड़कर संपन्न किया गया.**



उक्त निर्माण कार्य की स्वीकृत लागत रूपये 33.30 लाख है, इस निर्माण कार्य के माध्यम से क्षेत्रवासियों को स्वच्छता और जल निकासी की बेहतर सुविधा उपलब्ध मिल सकेगी. वार्ड पार्षद श्रीमती नीतू अशोक पटेल झब्बू, कांग्रेस शहर अध्यक्ष अशोक पटेल झब्बू, सहायक यंत्री शुभम तिवारी, समयपाल केशव पटेल, रामनरेश पटेल, मधु पटेल, कृष्ण कुमार पटेल, अरुण पटेल, रोहणी पटेल, छोटेलाल मौजूद रहे.

# रोजगार मेला कल मऊगंज में

**रीवा, 22 सितम्बर,** युवा संगम कार्यक्रम के तहत शासकीय महाविद्यालय देवतालाब में 24 सितंबर को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा. रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे. इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 8 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा. कई कम्पनियां भाग लेगी.

# सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों को लेकर आयुक्त ने लगाई फटकार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 22 सितम्बर, नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने टीएल बैठक में समीक्षा करते हुए सीएम हेल्प लाइन के लंबित शिकायतो को लेकर नाराजगी व्यक्त की और खराब ग्रेडिग को लेकर लापरवाह अधिकारियों को नोटिस दिया.**



सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्होंने जोनल अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक लंबित शिकायत की गहन समीक्षा कर शीघ्र निराकरण कराएं.

बैठक में अधिकारीवार समीक्षा करते हुए 20 तारीख को जारी हुई ग्रेडिंग में खराब प्रदर्शन तथा लापरवाही के कारण लंबित रही निराकरण योग्य शिकायतों पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध एक वेतन वृद्धि रोकने की नोटिस जारी करने के निर्देश दिए. साथ ही, आवारा पशुओं की लंबित शिकायतों पर स्वास्थ्य अधिकारी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए. निगम आयुक्त ने टीएल पत्रों के प्रतिवेदन समय-सीमा के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए तथा जिनका जवाब समय पर नहीं आया, उन्हें नोटिस जारी करने को कहा. बैठक में अधिकारीगण मौजूद रहे.

# मां कालिका के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़

नवभारत न्यूज

**रीवा, 22 सितम्बर, सोमवार से शारदेय नवरात्रि पर्व का घट पूजन के साथ शुभारंभ हुआ. विधि विधान से शुभ मुहूर्त में पंडालो में माँ दुर्गा की स्थापना की गई.**



इस बार कई योग के साथ माता रानी हाथी में सवार होकर आई है. 10 दिन तक चलने वाले शारदेय नवरात्रि को लेकर शहर में चहल पहल बढ़ गई है. कई जगह गरबा डांडिया का आगाज हो चुका है. पहले दिन रानी तालाब स्थित माँ कालिका मंदिर में दर्शन के लिये भक्तो का ताता लगा रहा. सुरक्षा व्यवस्था के बीच हजारो लोगो ने माँ काली के दर्शन किये. उल्लेखनीय है कि दस दिन तक यहा भक्तो का जनसैलाब उमड़ता है. खासकर अष्टमी और नवमी के दिन सबसे ज्यादा भीड़ होती है और इस दिन मातारानी सोलह श्रृंगार में भक्तो को दर्शन देती है. शहर में कई भव्य दुर्गा पंडाल बनाए गए है जो आकर्षण का केन्द्र है. खन्ना चौराहा में बनाया गया दो मंजिला दुर्गा पंडाल की लाइटिंग आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है. इसी तरह कई भव्य दुर्गा पंडाल में माता रानी विराजी गई है. नृत्य राघव मंदिर में रामलीला का मंचन भी शुरू हो चुका है. गोविन्दगढ़ स्थित माँ खंधो मंदिर में भी पहले दिन भक्तो का ताता लगा रहा. सभी देवी मंदिरो में इस समय भक्त पहुंच रहे है.

# शिक्षकों व विद्यार्थियों को दिया गया आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 22 सितम्बर, इंस्पेक्टर श्रीनिवास मीना के नेतृत्व में 11 वाहिनी एनडीआरएफ वाराणसी की प्रशिक्षित एवं अनुभवी टीम द्वारा शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय देवतालाब में स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम के तहत शिक्षकों, छात्र एवं छात्राओं को आपदा न्यूनिकारण एवं प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया गया.**

टीम ने भूकम्प से बचाव, सडक सुरक्षा, बांढ़ में बचाव के तरीके, बाढ़ की स्थिति में क्या करें और क्या न करें, सीपीआर देने की विधि, गले में फंसी बाहरी वस्तु के निकालने के तरीके, शारीरिक चोटों में रक्तस्त्राव को रोकने के तरिके एवं सांप के काटने का अस्पताल पूर्व उपचार, तात्कालिक स्ट्रेचर बनाना, लिफ्टिंग और मूविंग के तरीके, जल संरक्षण तकनीकें, अग्निशामक यंत्र का उपयोग, गरजना/बिजली चमकना, दामिनी ऐप, मौसम ऐप, भूकंप ऐप के इंस्टॉलेशन और उपयोग का प्रशिक्षण दिया.



जीएसटी को लेकर व्यापारियों से संवाद करते उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल

# उप मुख्यमंत्री ने व्यापारियों व विक्रेताओं से किया संवाद

नवभारत न्यूज

**रीवा, 22 सितम्बर, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि आज देश में बचत उत्सव का शुभारंभ हो रहा है.**

प्रधानमंत्री जी ने जीएसटी की दरों में कमी की घोषणा की जिसके कारण 90 प्रतिशत से अधिक चीजें सस्ती हो गई हैं. उप मुख्यमंत्री ने रीवा शहर के व्यापारियों व खरीददारों से संवाद कर जीएसटी में छूट से मिलने वाले लाभ के विषय में बताया. उप मुख्यमंत्री रीवा शहर के शिल्पी प्लाजा में दूकानों में पहुंचकर व्यापारियों, आमजनों व खरीददारों से कहा कि नवरात्रि के प्रथम दिन से आपकी जरूरतों की सभी चीजें सस्ती हो गई हैं. जीएसटी में कटौती की प्रधानमंत्री जी की घोषणा के बाद दवाइयाँ, दिन उपयोग की चीजों सहित देश में 375 से ज्यादा वस्तुएँ सस्ती हो गई हैं. उन्होंने कहा कि नई व्यवस्था में 99 प्रतिशत वस्तुओं में सिर्फ 5 प्रतिशत टैक्स लगेगा जिससे सभी को काफी राहत मिलेगी. उप मुख्यमंत्री ने व्यापारियों व खरीददारों से संवाद करते हुए स्वदेशी वस्तुएँ बेंचने व खरीदने का आग्रह किया. उन्होंने कहा कि अपने देश की बनी वस्तुएँ खरीदने से देश का पैसा देश में ही रहेगा और हमें गर्व होगा कि हम अपने देश के बने उत्पाद खरीद रहे हैं. उप मुख्यमंत्री ने दूकानों में बचत उत्सव, हर घर स्वदेशी व घर-घर स्वदेशी के पोस्टर लगाकर लोगों को स्वदेशी वस्तुएँ अपनाने का संदेश दिया. इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता एवं शिल्पी प्लाजा के व्यवसायी उपस्थित रहे.